आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 12.09.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- नई दिल्ली में 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन शुरू। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– ब्रिक्स देशों को अगले 20 वर्षों के लिए महत्वाकांक्षी एजेंडे पर काम करना होगा।
- दून विश्वविद्यालय और मेक्सिको के सेंटर फॉर रिसर्च एंड एडवांस्ड स्टडीज़ के बीच शैक्षणिक और शोध सहयोग को मजबूत करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
- जाम से राहत की दिशा में प्रदेश सरकार की बड़ी पहल। दस पर्वतीय जिलों में 4 हजार 202 वाहनों की पार्किंग क्षमता विकसित।
- कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने देहरादून में सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की।

ब्रिक्स सम्मेलन

नई दिल्ली में आज भारत की अध्यक्षता में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की शुरुआत हो गई है। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पिछले 20 वर्षों में ब्रिक्स ने वैश्विक मंच पर अपनी अलग पहचान बनाई है और यह शिखर सम्मेलन एक ऐतिहासिक पड़ाव है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता जन–केंद्रित और मानवता को प्राथमिकता देने के दृष्टिकोण पर आधारित है तथा लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता, भारत की प्रमुख प्राथमिकताएं रही हैं। श्री मोदी ने कहा कि ब्रिक्स किसी देश के विरुद्ध नहीं है। उन्होंने अधिक प्रतिनिधित्व वाली और समावेशी वैश्विक शासन व्यवस्था की जरूरत पर बल दिया।

प्रधानमंत्री ने वैश्विक शासन में सुधार के लिए दस सूत्री कार्ययोजना का प्रस्ताव रखा और कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार अब और टाला नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि वैश्विक दक्षिण को नियम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका मिलनी चाहिए।

समझौता ज्ञापन

दून विश्वविद्यालय और मेक्सिको के सेंटर फॉर रिसर्च एंड एडवांस्ड स्टडीज़, सिनवेस्टाव के बीच अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक और शोध सहयोग को मजबूत करने के लिए आज समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा कि यह समझौता दोनों संस्थानों के बीच संयुक्त शोध, ज्ञान और अनुभव के आदान–प्रदान को नई दिशा देगा। इससे शोध की गुणवत्ता बढ़ाने, नए पेटेंट विकसित करने और उनके व्यावसायीकरण के अवसर भी बढ़ेंगे। समझौते के तहत संयुक्त शोध परियोजनाएं, फैकल्टी और शोधकर्ताओं का आदान–प्रदान, विद्यार्थियों की आवाजाही तथा सेमिनार और कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा।

दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुरेखा डंगवाल ने कहा कि समझौते के तहत कंप्यूटर साइंस, भौतिकी, गणित, अर्थशास्त्र, जैविक व पर्यावरण विज्ञान, मनोविज्ञान और शहरी विकास जैसे क्षेत्रों में दोनों संस्थान सहयोग करेंगे।

## अतिक्रमण अभियान

हरिद्वार शहर में यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने और आगामी कुंभ मेले के मद्देनजर जिला प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। आज नगर मजिस्ट्रेट हर गिरि के नेतृत्व में लगातार दूसरे दिन बाल्मीकि चौक से शिवमूर्ति चौक तक अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क किनारे, फुटपाथ और सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अवैध अतिक्रमण हटाए गए। प्रशासन ने सार्वजनिक मार्गों और सरकारी भूमि पर दोबारा अतिक्रमण करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

## पार्किंग सुविधा

प्रदेश सरकार ने पर्यटकों और श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए पार्किंग सुविधाओं के विस्तार पर विशेष जोर दिया है। आवास विभाग ने पिछले चार वर्षों में राज्य के 10 पर्वतीय जिलों में 63 पार्किंग परियोजनाएं पूरी कर 4 हजार 202 वाहनों की क्षमता विकसित की है। इनमें सरफेस, मल्टीलेवल और ऑटोमेटेड पार्किंग शामिल हैं। अल्मोड़ा में सबसे अधिक एक हजार 87 वाहनों की क्षमता विकसित की गई है। नैनीताल में 679 और चंपावत में 600 वाहनों की पार्किंग तैयार की गई है। नैनीताल के मेट्रोपोल होटल परिसर में करीब 700 वाहनों की क्षमता वाली पार्किंग बनाई जा रही है। वहीं, कैंची धाम में 500 से अधिक वाहनों की क्षमता वाली बहुमंजिला पार्किंग का निर्माण जारी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रमुख पर्यटन स्थलों और चारधाम यात्रा मार्गों पर पार्किंग सुविधाओं के विस्तार से जाम की समस्या कम होगी और पर्यटकों, श्रद्धालुओं तथा स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी।

## सेवा संकल्प अभियान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने पर प्रदेश में सेवा संकल्प अभियान की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने आज देहरादून में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत रक्तदान, स्वच्छता, वृक्षारोपण, गरीब कल्याण और जनजागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। श्री महाराज ने अधिकारियों से कहा कि यह सिर्फ जन्मदिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि सेवा और विकसित भारत–2047 के संकल्प को जनमानस तक पहुँचाने का एक वृहद अभियान है। वहीं, अल्मोड़ा में भाजपा अभियान की तैयारियों में जुटी है। जिला अध्यक्ष महेश नयाल ने बताया 17 सितम्बर को सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के घरों में दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया जाएगा।

## कुलागाड़ पुल ध्वस्त

पिथौरागढ़ जिले की धारचूला तहसील क्षेत्र में कल रात हुई भारी बारिश के कारण धारचूला–तवाघाट मार्ग पर कुलागाड़ में पिछले दिनों बनाया गया बेली ब्रिज क्षतिग्रस्त हो गया। धारचूला के उपजिलाधिकारी आशीष जोशी ने आज मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि मार्ग को पैदल चलने के लिए शुरू कर दिया गया है। कल से बीआरओ द्वारा बेली ब्रिज बनाने की कार्यवाही शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पुल क्षतिगस्त होने से आज और कल मार्ग परयातायात बंद रहेगा।